एक नजर में

मध्य प्रदेश विद्युत मंडल कर्मचारी परस्पर साख संस्था चुनाव

मंदसौर। मध्य प्रदेश विद्युत मंडल कर्मचारी परस्पर साख संस्था के चुनाव 22 जुलाई 2026 को सफलतापूर्वक संपन्न हुए। इस बार का चुनाव दो प्रमुख पैनलों के बीच बेहद रोचक और क? मुकाबले के रूप में देखा जा रहा था, जिसमें अंततः पशुपतिनाथ पैनल ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए प्रचंड जीत हासिल की है। कुल 11 सदस्यीय संचालक मंडल के लिए हुए इस चुनाव में पशुपतिनाथ पैनल के 10 प्रत्याशियों ने शानदार दर्ज की। पशुपतिनाथ पैनल से चुनाव जीतकर साख संस्था के संचालक बने 10 प्रत्याशियों में श्री जगदीश सेठिया, श्री दीपक गुजराती, श्री नरेंद्र पाटीदार, श्री घनश्याम कमलवा, श्री सुनील सिंह, श्री शुभम मिश्रा, श्रीमती मनीषा गवाला, श्रीमती नेहा पूरी, श्री संदीप शक्तावत, श्री दिलीप धाक? शामिल है। यह चुनाव कई मायनों में ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण रहा। दरअसल, पिछले दो कार्यकालों से विरोधी गुट लगातार निर्विरोध चुना जाता आ रहा था। लेकिन इस बार पशुपतिनाथ पैनल के मजबूत प्रचार और कर्मचारियों के भारी समर्थन के चलते समीकरण पूरी तरह बदल गए। परिणाम स्वरूप, विरोधी पैनल का पूरा कुनबा बिखर गया और उनका पूरा पैनल मिलाकर केवल 1 ही प्रत्याशी अपनी जीत दर्ज कराने में सफल हो सका। पशुपतिनाथ पैनल की इस एकतरफा और ऐतिहासिक जीत पर विद्युत मंडल के कर्मचारियों एवं समर्थकों में भारी उत्साह है और विजेता प्रत्याशियों का जोरदार स्वागत किया जा रहा है।

मिशन वात्सल्य अंतर्गत उन्मुखीकरण एवं समीक्षा बैठक

मंदसौर। मिशन वात्सल्य के प्रभावी क्रियान्वयन एवं बाल हित से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा के उद्देश्य से गुरुवार को जिला पंचायत सभागार में उन्मुखीकरण सह समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अनुकूल जैन ने की। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी ने पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) के माध्यम से मिशन वात्सल्य के प्रमुख प्रावधानों, उद्देश्यों एवं विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान योजनाओं के प्रभावी संचालन और बाल संरक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुकूल जैन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों का समय पर चिन्हांकन कर उन्हें तत्काल आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्रों के नियमित संचालन, क्षेत्र भ्रमण, अति गंभीर एवं मध्यम गंभीर कुपोषित तथा कम वजन वाले बच्चों का वास्तविक चिन्हांकन, पोषण पुनर्वास केंद्रों में समय पर रेफरल, बच्चों की पोषण श्रेणी में सुधार तथा पोषण आहार के नियमित वितरण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्रों के सुदृढ़ीकरण, पोषण वाटिका निर्माण, आंगनवाड़ी भवनों का चिन्हांकन कर सुरक्षित परिसरों में संचालन सुनिश्चित करने, शारीरिक माप उपकरणों के सत्यापन तथा कार्यों की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए रैंकिंग प्रणाली लागू करने पर भी जोर दिया। बैठक में जिले के समस्त परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक, जिला समन्वयक, जिला परियोजना सहायक सहित महिला एवं बाल विकास विभाग का अन्य स्टॉफ उपस्थित रहा।

नीट पेपर लीक व छात्र आंदोलन पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में प्रदर्शन

मंदसौर। लगातार बारिश के बीच गुरुवार को किसान नेता श्यामलाल के नेतृत्व में किसानों, छात्र-छात्राओं एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक, शिक्षा व्यवस्था में सुधार तथा छात्र आंदोलन के दौरान पुलिस कार्रवाई के विरोध में यश नगर कॉर्नर से कलेक्ट्रेट तक करीब दो किलोमीटर पैदल मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

तेज बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में लोग मार्च में शामिल हुए और पूरे रास्ते छात्रों को न्याय दो, पेपर लीक बंद करो तथा शिक्षा बचाओ-देश बचाओ जैसे नारे लगाए। प्रदर्शन को देखते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में भारी पुलिस बल तैनात रहा। कुछ समय तक मुख्य प्रवेश द्वार बंद रहने से हल्का तनाव बना, बाद में प्रदर्शनकारियों को परिसर में प्रवेश दिया गया।

सभा को संबोधित करते हुए जोकचन्द्र ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में बार-बार कथित पेपर लीक की घटनाओं से लाखों विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने छात्र आंदोलन के दौरान पुलिस कार्रवाई की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। अन्य वक्ताओं ने भी परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाने पर जोर दिया।

राष्ट्रपति के नाम सौंपे गए ज्ञापन में नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं की उच्चस्तरीय जांच, दोषियों पर कठोर कार्रवाई, छात्र आंदोलन के दौरान पुलिस कार्रवाई की न्यायिक जांच, घायल छात्रों को मुआवजा, परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार तथा लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई।

प्रदर्शन में पूर्व मंडी अध्यक्ष बंशीलाल पाटीदार, जनपद सदस्य रामेश्वर राठौर, भगतराम डाबी, नेहा जैन सहित बड़ी संख्या में किसान, छात्र-छात्राएं एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा

कयामपुर/नाहरगढ। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कयामपुर ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के साथ हुई मारपीट की घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि शांतिपूर्ण ढंग से अपनी लोकतांत्रिक मांगें रख रहे छात्रों के साथ मारपीट निंदनीय है और इससे लोकतांत्रिक मूल्यों पर आघात पहुंचा है। ज्ञापन नायब तहसीलदार कयामपुर मोहित सीनम को दिया।

ज्ञापन सौंपने के दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कयामपुर के प्रभारी कर्मवीर सिंह भाटी व अजय मारू मंदसौर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जगदीश फौजी, विनोद सिंह मण्डलोई, मान सिंह करनाली, पंकज कटारिया, नगर मंदसौर विजय मारू, रहीम कुरैशी, कांग्रेस अध्यक्ष कयुम कुरैशी, तेजेंद्र सिंह कुशवाह, भुवान दास बैरागी, मुबारीक मंसूरी, शाहिद, नूर शेख और कालू लाल उपस्थित रहे।

दशपुर जागृति संगठन ने मनाई अमर शहीद चंद्रशेखर की जयंती

प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों को किया नमन

मंदसौर। दशपुर जागृति संगठन द्वारा गुरुवार को अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की 120वीं जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। वर्षा के बीच संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने आजाद की प्रतिमा एवं चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनके बलिदान और राष्ट्रभक्ति को स्मरण किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र पुराणिक ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा और त्याग का प्रतीक था। संरक्षक एम.पी. सिंह परिहार, कार्यकारी अध्यक्ष हरिशंकर शर्मा, उपाध्यक्ष बी.एस. सिसौदिया तथा अन्य वक्ताओं ने आजाद के जीवन प्रसंगों का उल्लेख करते हुए युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर संगठन के संरक्षक राजाराम तंवर, रविंद्र पांडे, संयोजक सत्येंद्रसिंह सोम, अजीजुल्लाह खान, अरुण गौड़, नंदकिशोर राठौर, महेश शर्मा, मनोज मंडावेरा सहित अनेक सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के अंत में मिठाई वितरण किया गया।

नपा सफाई और विद्युत कर्मियों को तुरंत बरसाती उपलब्ध कराए, समाजसेवी पार्षद सुनील बंसल ने उठाई मांग

मंदसौर। सफाई कर्मियों एवं विद्युत कर्मचारियों को नगर पालिका बरसाती मुहैया कराए और उनकी सुरक्षा का पूरा ख्याल रखे।

यह मांग समाजसेवी पार्षद सुनील बंसल ने एक वक्तव्य के माध्यम से उठाई है। श्री बंसल ने नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर, स्वास्थ्य समिति की सभापति श्रीमती दीपमाला मकवाना एवं सीएमओ को पत्र लिखकर यह मांग की है कि बारिश का दौर पुनः शुरू हुआ है। हमारे सफाई कर्मी सुबह 6 बजे से लेकर 11 बजे तक और दिन में 2 से 5 बजे तक काम करते हैं। क्योंकि बारिश होने की वजह से भी उन्हें काम करना प?ता है, साथ ही विद्युत विभाग के कर्मचारियों को भी लगातार कम-ज्यादा बारिश में भी काम करना ही प?ता है। इन दोनों विभागों के कर्मचारी और जो फील्ड में काम करने वाले और भी कर्मचारी हैं, उन सभी को तत्काल प्रभाव से बरसाती एवं जूते उपलब्ध कराए जाएँ ताकि ये लोग व्यवस्थित रूप से बारिश में भी अपना काम कर सकें। गीले होने की वजह से बीमारियों से बचाने हेतु नगर पालिका के उक्त दोनों विभागों और जो फील्ड में काम करने वाले कर्मचारी हैं, उनको बरसाती तुरंत प्रभाव से उपलब्ध कराने के आदेश जारी करें।

नपाध्यक्ष गुर्जर के द्वारा हाईमास्क का लोकार्पण किया

मंदसौर। नगर पालिका परिषद के द्वारा वार्ड क्रमांक 20 शुक्ला चौक व वार्ड क्रं. 8 सम्राट मार्केट (चन्द्रशेखर आजाद चौराहा) पर हाईमास्क स्थापित किया गया है कल नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने दोनो स्थानो पर पहुँचकर हाईमास्क का लोकार्पण किया। इस अवसर पर किन्नर गुरु अनिता दीदी, क्षेत्रीय पार्षदगण श्रीमती शांतिदेवी फरक्या, श्रीमती दिव्या माहेश्वरी, भाजपा दक्षिण मण्डल महामंत्री अमन फरक्या, पार्षद प्रतिनिधि अनूप माहेश्वरी, भाजपा नेता विशाल व्यास, आबिद मेव, मुरली कोतक, पुखराज राठौर, विजय रियार, अंकित बारिया, महिला नेत्री बिन्दू चन्द्रे भी उपस्थित थे। दोनो स्थानों पर हाईमास्क लगने से दोनो चौराहो पर रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था रहेगी तथा दोनो चौराहे दूधिया रोशनी से जगमग होंगे।

एक नजर | तप से ही कर्मों का क्षय संभव

तप करें, जीवन को पावन बनाएं : आचार्य श्री सागरचन्द्र सागरजी

मंदसौर। मनुष्य भव दुर्लभ है, हमें मनुष्य भव आहार, काम, क्रोध, मोह, मैथुन, निद्रा के लिये नहीं मिला। मनुष्य भव में हम तप-तपस्या कर अपने जीवन को पापमुक्त बना सकते हैं तथा पूर्व भव व वर्तमान भव में जाने अनजाने में हुए पापकर्म की निर्जरा कर सकते हैं, इसलिये जीवन में तप-तपस्या का महत्व समझें और तप-तपस्या की ओर अग्रसर होवें।

उक्त उद्गार परम पूज्य आचार्य श्री अशोक सागर सुरिश्वरजी म.सा. की पावन निश्रा में चौधरी कालोनी स्थित रूपचांद आराधना भवन में आयोजित धर्मसभा (प्रवचन) में आचार्य श्री सागरचन्द्र सागर सुरिश्वरजी म.सा. ने कहे। आपने गुरुवार को यहाँ आयोजित धर्मसभा में कहा कि हम मनुष्य भव में जन्म लेने के पूर्व पशु, तिर्यंच आदि कई जन्म ले चुके हैं। हमारी आत्मा 84 लाख योनी में जन्म लेने के बाद मनुष्य भव को प्राप्त कर सकी है हमें इस मनुष्य भव को केवल सांसारिक मोह, भोग विलास में नष्ट नहीं करना है बल्कि हमें तप-तपस्या कर पूर्व भव में हुये तथा वर्तमान मनुष्य भव में किये गये पापकर्म की निर्जरा करनी है। आपने कहा कि वर्षावास के चार माह तप-तपस्या के लिये उपयुक्त है। आर्यरक्षित जैन तीर्थ में अगस्त माह में सिद्धी तप की तपस्या प्रारंभ होने जा रही है श्रावक श्राविकाये इस तप से जु?।

प्रभु महावीर ने कई वर्षों तक उपसर्ग (दुख) सहे - आचार्य श्री तीर्थचन्द्र सागर म.सा. ने कहा कि प्रभु महावीर ने केवल ज्ञान प्राप्त करने के पूर्व सा? बारह वर्ष तक खूब उपसर्ग (दुख) सहे। वन में रहे, कठिन तप-तपस्या की तब जाकर उन्हें केवल ज्ञान मिला।

नीमच

एक नजर में

पुलिस अधीक्षक ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से किया जागरूक

नीमच। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेशभर में 15 से 30 जुलाई 2026 तक संचालित 'नशे से दूरी है जरूरी अभियान-2.0' के तहत बुधवार को शासकीय सांदीपनि विद्यालय, मनासा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास ने विद्यार्थियों को नशे के सामाजिक, मानसिक एवं शारीरिक दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। पुलिस अधीक्षक श्री व्यास ने कहा कि नशा व्यक्ति को केवल शारीरिक रूप से ही नहीं, बल्कि मानसिक रूप से भी कमजोर बनाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि यदि कोई व्यक्ति उन्हें किसी भी प्रकार का नशा करने के लिए प्रेरित करता है, तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। साथ ही विद्यार्थियों को खेलकूद एवं सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने के लिए भी प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ को स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार, मित्रों और समाज को भी नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने 'ह्र ष्ठह्वह्वद्दह्य' संदेश के साथ मानव श्रृंखला बनाकर नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प भी लिया।

अगस्त में खुलेगी अटल सेतु, बस स्टैंड क्षेत्र को मिलेगी जाम से मुक्ति

नीमच। शहर की वर्षों पुरानी यातायात समस्या के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण परियोजना अटल सेतु अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। करीब 1.26 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन यह पुलिया आगामी अगस्त माह तक आमजन के लिए खोलने का लक्ष्य रखा गया है। इसके निर्माण से प्राइवेट बस स्टैंड क्षेत्र में यातायात सुगम होगा और जाम की समस्या से काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है। गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति गौरव चोपड़ा ने निर्माण स्थल का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति का जायजा लिया तथा गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नपा अध्यक्ष स्वाति गौरव चोपड़ा ने बताया कि 50 मीटर लंबी एवं 8 मीटर चौड़ी अटल सेतु शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने वाली एक महत्वपूर्ण परियोजना है।

धामनिया में शासकीय भूमि पर अवैध प्लॉट आवंटन का आरोप

नीमच। जावद तहसील के ग्राम धामनिया में शासकीय भूमि पर कथित अवैध प्लॉट आवंटन का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। गुरुवार को बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पंचायत सचिव को ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच, प्लॉट आवंटन प्रक्रिया को सार्वजनिक करने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे।

ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि पटवारी हल्का क्रमांक-39 के सर्वे नंबर 237/2/2 की शासकीय भूमि पर नियमों की अनदेखी कर प्लॉट आवंटित किए जा रहे हैं। उनके अनुसार यह भूमि पहले मध्यप्रदेश शासन के नाम दर्ज थी। वर्ष 2018 में ग्राम पंचायत द्वारा इसे आबादी भूमि घोषित करने का प्रस्ताव पारित किया गया था, जिसके बाद वर्ष 2021 में संबंधित आदेश के आधार पर भूमि का स्वरूप परिवर्तित किया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि इस भूमि का उपयोग भूमिहीन परिवारों को आवास उपलब्ध कराने, खेल मैदान और अन्य सार्वजनिक सुविधाओं के लिए किया जाना था, लेकिन वर्तमान में कुछ लोगों को कथित रूप से अवैध तरीके से प्लॉट आवंटित कर दिए गए हैं। उनका कहना है कि रातों-रात प्लॉटों का सीमांकन कर खंभे गाड़ दिए गए और बिना वैधानिक प्रक्रिया के आवंटन कर दिया गया।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि प्लॉट आवंटन से पहले न तो ग्राम पंचायत की बैठक में कोई प्रस्ताव पारित किया गया और न ही ग्रामसभा से स्वीकृति ली गई। ऐसे में पूरी प्रक्रिया नियमों के विपरीत है। उन्होंने मांग की कि जिन लोगों को प्लॉट आवंटित किए गए हैं, उनकी सूची सार्वजनिक की जाए और यह भी स्पष्ट किया जाए कि किस नियम के तहत आवंटन किया गया। ग्रामीणों ने पंचायत सचिव से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों एवं जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेले में 54 युवाओं का प्राथमिक चयन

नीमच। जिला प्रशासन नीमच, जिला रोजगार कार्यालय तथा शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नीमच के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को 'युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला' आयोजित किया गया। मेले में विक्रम सीमेंट, ओसवाल एथेनॉल एंड सीड्स, अदानी विल्मर, विश्वेश्वर डेनिम तथा सन चेजर सहित पांच प्रतिष्ठित कंपनियों ने सहभागिता कर युवाओं का साक्षात्कार लिया।

रोजगार मेले में जिले के 136 युवाओं ने उपस्थित होकर पंजीयन कराया। विभिन्न कंपनियों द्वारा अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता एवं साक्षात्कार के आधार पर 54 युवाओं का प्राथमिक चयन किया गया।

मेले में जिला रोजगार कार्यालय द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसरों के साथ-साथ विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं एवं कैरियर मार्गदर्शन की जानकारी भी प्रदान की गई। आयोजन का उद्देश्य युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें स्वरोजगार के प्रति भी प्रेरित करना रहा। रोजगार मेले में बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विभिन्न कंपनियों में रोजगार के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। जिला प्रशासन ने ऐसे आयोजनों को युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

सीईओ जिला पंचायत की अध्यक्षता में डीएटीसीसी कार्यकारिणी की बैठक

नीमच। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत अमन वैष्णव की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में पर्यटन विकास को गति देने तथा ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार के संबंध में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में शासकीय एवं अशासकीय सदस्यों सहित कुल 33 सदस्यों ने भाग लिया। उपस्थित सदस्यों ने जिले में पर्यटन की संभावनाओं को बढ़ावा देने के लिए अनेक महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक में जिले के ऐतिहासिक गढ़ों एवं किलों, बांधों, झरनों, प्राचीन मंदिरों तथा पुरातात्विक महत्व के स्थलों को विशेष रूप से चिन्हित कर उन्हें पर्यटन मानचित्र पर प्रमुखता से स्थान दिलाने का प्रस्ताव रखा गया।

पर्यटन विकास के लिए जिले की वेबसाइट पर सभी प्रमुख पर्यटन स्थलों की विस्तृत जानकारी, उनके ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व तथा उपलब्ध सुविधाओं का समावेश किए जाने पर भी सहमति व्यक्त की गई। साथ ही पर्यटन विभाग को सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग के उद्देश्य से इंस्टाग्राम पेज संचालित करने के निर्देश दिए गए, ताकि जिले के पर्यटन स्थलों का नियमित प्रचार-प्रसार किया जा सके और पर्यटकों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध हो सके।

एक नजर | जावद और सिंगोली अस्पताल के उन्नयन की मंजूरी

जावद सिविल अस्पताल 100, सिंगोली अस्पताल 50 बिस्तर का होगा

नीमच। जिले के जावद विधानसभा क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। जावद सिविल अस्पताल को 100 बिस्तरीय और सिंगोली सीएचसी को 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल में अपग्रेड करने की प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पत्र जारी कर क्षेत्रीय विधायक ओमप्रकाश सखलेचा को इस निर्णय की जानकारी दी है।

अस्पतालों के उन्नयन से जावद और सिंगोली में इलाज की क्षमता का विस्तार होगा। इसके तहत भविष्य में विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती, आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता और बेहतर स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे का विकास किया जाएगा। इससे स्थानीय मरीजों को इलाज के लिए नीमच या मंदसौर जैसे बड़े शहरों के चक्कर काटने से राहत मिलेगी।

हाल ही में हुई चार नए डॉक्टरों की पदस्थापना-क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सरकार ने हाल ही में चार नए डॉक्टरों की नियुक्ति की है। इनमें जावद सिविल अस्पताल में डॉ. सोनाली यादव और डॉ. नीलेश कारवाड़िया, अठाना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. कविता सोलंकी तथा डीकेन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. सुमन अधिकारी शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने विधायक से स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर इस निर्णय की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने की बात कही है। अस्पतालों का दर्जा बढ़ाए जाने की घोषणा के बाद स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने खुशी जताते हुए इसे क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है।